प्रकाशन का
103 वाँ वर्ष

आज

3 रूपये मात्र

लखनऊ, शुक्रवार , 3 मार्च, 2023 | Online Edition : www.ajhindidaily.com | नगर संस्करण पृष्ठ 12 | मूल्य 3.00 रुपये

वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, (मध्य प्रदेश संस्करण), कानपुर, (झांसी संस्करण), लखनऊ , आगरा, बरेली, पटना, रांची, (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित

प्रदेश को आगे बढ़ाने में उद्यमियों की बहुत आवश्यकता

लखनऊ। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और यूपीनेडा के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय सोलर एनर्जी एवं ई व्हीकल एक्सपो का आईआईए भवन में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर आईआइए के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महासचिव दिनेश गोयल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज सिंघल, तारिक हसन नकवी चेयरमैन, सोलर एवं ई व्हीकल एक्सपो, कोषाध्यक्ष अलोक अग्रवाल, अलकेश सोती कन्वीनर, सोलर एक्सपो, मनीष गुप्ता कन्वीनर ई–व्हीकल एक्सपो सहित संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने प्रदर्शनी का भ्रमण किया और साथ ही उपमुख्यमंत्री ने इस आयोजन को लेकर आईआईए की सराहना के साथ वहां लगे सर्वोटेक के स्टॉल का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने सोलर और ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस के लिए अपनी उत्पाद लाइन का विस्तार करने में सर्वोटेक पावर द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। सर्वोटेक के संस्थापक और एमडीए रमन भाटिया ने उद्घाटन समारोह के दौरान कहा कि मैं इंडिया इंडस्ट्रीज एसोसिएशन का धन्यवाद करता हूं कि हमारे लिए इंडिया सोलर ईवी एक्सपो जैसा प्लेटफार्म दिया।